स्मरण पत्र–तृतीय

राजस्थान सरकार
न्याय विभाग

———————

क्रमांकः प.2(2) सामान्य/न्याय/2018 जयपुर, दिनांक 07/08/2018

1. समस्त विभागाध्यक्ष
2. जिला कलक्टर
(जिला नोडल अधिकारी, लाईट्स)

——————————————

विषयः–लाईट्स वेबसाईट पर प्रभारी अधिकारी (OIC) की सूचना अद्यतन (Update) करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक प.2(2) सामान्य/न्याय/2016 दिनांक 22.12.16, 02.06.17 एवं 05.07.17 के माध्यम से लाईट्स वेबसाईट पर प्रभारी अधिकारियों द्वारा/इस कार्यालय द्वारा लम्बित न्यायिक प्रकरणों से सम्बन्धित सूचनाएँ ऑनलाईन ही प्रेषित की जानी है, परन्तु लाईटस पर दर्ज प्रभारी अधिकारियों से संबंधित सूचना की समीक्षा करने पर यह तथ्य सामने आया है कि कई प्रभारी अधिकारियों का स्थानान्तरण हो चुका है अथवा वे सेवानिवृत हो चुके हैं पर उनके स्थान पर वर्तमान प्रभारी अधिकारियों से संबंधित आवश्यक सूचना इन्द्राज/अद्यतन नहीं की गयी है जिससे उक्त माध्यम से सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी को आवश्यक सूचनाएँ संप्रेषित नहीं हो पा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी से सम्बन्धित **ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं.** न्याय विभाग की वेबसाईट पर इन्द्राज/अद्यतन करने हेतु निर्देश प्रदान करने का श्रम करें जिससे इस कार्यालय द्वारा अविलम्ब सूचना प्रेषित की जा सके।

भवदीय

संयुक्त शासन सचिव

D:\SO\ P. 2(2) LITES –Gen Files